भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 1994
गुरुवार, 30 जुलाई, 2026/8 श्रावण, 1948 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

परंदूर विमानपत्तन का विकास

1994. श्री माथेश्वरन वी.एस.:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि तमिलनाडु में प्रस्तावित परन्दूर विमानपत्तन परियोजना को रोक दिया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) प्रस्तावित परांदूर विमानपत्तन परियोजना के लिए राज्य के स्वामित्व वाले तमिलनाडु औद्योगिक विकास निगम (टीआईडीसीओ) द्वारा अधिगृहीत की गई भूमि का ब्यौरा क्या है और कितने क्षेत्र का अधिग्रहण किया गया है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) और (ख): नागर विमानन मंत्रालय (एमओसीए) ने तमिलनाडु सरकार के उद्यम, तमिलनाडु औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड (टीआईडीसीओ) को दिनांक 07.04.2025 को परंदूर में अंतरराष्ट्रीय ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे के विकास के लिए 'सैद्धांतिक' अनुमोदन प्रदान किया है।

ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा नीति, 2008 के अनुसार, भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापना, वित्तपोषण, अनिवार्य मंजूरियाँ प्राप्त करने, आदि सहित ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा परियोजनाओं के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी संबंधित हवाईअड्डा विकासकर्ता या राज्य सरकार, जैसा भी मामला हो, की होती है।

******